an>

Title: Need to run a direct train between Bulandshahr (Uttar Pradesh) and Delhi and provide stoppage of various other trains running from Delhi to Kanpur, Allahabad and Lucknow at Bulandshahr Railway Station.

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर) : मैं सरकार का ध्यान अपनी लोक सभा बुलंदशहर (उ.प्र.) की ओर दिलाना चाहता हूं। बुलंदशहर देश की राजधानी दिल्ली से मात्र 70 किमी. की दूरी पर है और दिल्ली एन.सी.आर. बोर्ड प्लान 2021 के अंतर्गत एन.सी.आर. का हिस्सा है। बुलंदशहर देश की राजधानी दिल्ली के लिए दूध, सब्जियां, फल और अनाज भारी मात्रा में उपलब्ध कराता है और यहां पर आम की अच्छी पैदावार होती है। यहां पर पवित्र गंगा मां के 9 तीर्थ स्थान हैं। यहां हजारों की संख्या में लोग गंगा स्नान करने के लिए आते हैं। यहां पर नरोरा में परमाणु बिजली उत्पादन केन्द्र भी है। बुलंदशहर एन.सी.आर. का हिस्सा होने के बावजूद भी बुलंदशहर विकास के मामले में बहुत ही पिछड़ा हुआ है, बुलंदशहर को दिल्ली से आने-जाने के लिए न तो कोई रेल है और न ही बुलंदशहर में किसी रेल का कोई स्टॉप है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि बुलंदशहर से दिल्ली आने-जाने के लिए एक रेल उपलब्ध करवाई जाए और दिल्ली से कानपुर, इलाहाबाद, लखनऊ जाने वाली रेलों को बुलंदशहर से होकर चलाया जाए एवं बुलंदशहर में इन रेलों का स्टॉप बनवाया जाए और बुलंदशहर को वे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए जो एन.सी.आर. क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं।